Seventeenth Series, Vol. XXIII No.17

Tuesday, March 21, 2023
Phalguna 30, 1944 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Eleventh Session**

**(Seventeenth Lok Sabha)**

*(Vol. XXIII contains Nos.11 to 20 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**

**NEW DELHI**

***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Vinay Kumar Mohan

**Joint Secretary**

Jai Mukesh Shukla

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Thapliyal

**Joint Director**

Meenakshi Rawat

Kamala Subramanian

**Editor**

**© 2023 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XXIII, Eleventh Session, 2023/1944 (Saka)**
**No. 17, Tuesday, March 21, 2023/ Phalguna 30, 1944 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question No. 281 and 282 | 9-13 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 283 to 300 | 11-77 |
| Unstarred Question Nos. 3221 to 3450 | 78-708 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

| | |
|---|---|
| **PAPERS LAID ON THE TABLE** | 710-717 |
| **COMMITTEE ON ESTIMATES** | |
| 23rd to 25th Reports | 718 |
| **COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES** | |
| Statements | 719-720 |
| **STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY** | |
| 43rd to 46th Reports | 720 |
| **STANDING COMMITTEE ON DEFENCE** | |
| 32nd to 38th Reports | 721-722 |
| **STANDING COMMITTEE ON ENERGY** | |
| 33rd and 35th Reports | 723 |
| **COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS** | |
| 20th Report | 724 |
| **STANDING COMMITTEE ON CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION** | 724 |
| 24th and 25th Reports | |
| **STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS** | |
| Statement | 725 |
| **STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS** | |
| (i) 39th to 42nd Reports | |
| (ii) Final Action Taken Statements | 726-727 |
| **STANDING COMMITTEE ON COAL, MINES AND STEEL** | |
| 38th and 40th Reports | 728 |

**STATEMENT BY MINISTER**

Status of implementation of the recommendations contained in the 313th Report of the Standing Committee on Industry on Downturn in Automobile Sector - Its Impact and Measures for Revival pertaining to the Ministry of Heavy Industries

**Shri Krishan Pal** 729

**MATTERS UNDER RULE 377** 730-746

(i) Need to run a train from Gorakhpur to Prayagraj via Bhatni, Salempur and Varanasi

**Shri Ravindra Kushawaha** 731

(ii) Need to expedite construction of International Airport at Bihta in Patna, Bihar

**Shri Ram Kripal Yadav** 732

(iii) Need to establish regional Centres of the Sangeet Natak Akademi, Indian council for Cultural Relations and Rashtriya Natya Vidyalaya in Jharkhand

**Shri Sanjay Seth** 733

(iv) Need to construct ROBs in Darbhanga district, Bihar from CRIF under Setu Bandhan Programme

**Shri Gopal Jee Thakur** 734

(v) Need to provide a halt station near Pateri village in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar

**Shri Janardan Singh Sigriwal** 735

(vi) Need to upgrade Prayagraj Airport as International Airport and start flight services from Prayagraj to various cities in India.

**Shrimati Keshari Devi Patel** 736-737

(vii) Need to extend Intercity Express between Lucknow and Varanasi upto Bhatni Railway Junction in Deoria district, Uttar Pradesh.

**Dr. Ramapati Ram Tripathi** 737

(viii) Need to provide employment to local people and women in commercial establishments along newly developed Delhi-Mumbai Express highway in Dausa Parliamentary Constituency

**Shrimati Jaskaur Meena** 738

(ix) Need for doubling of Lucknow-Sitapur Railway Section

**Shri Rajesh Verma** 738

(x) Need to simplify software system of MGNREGS

**Shri Naranbhai Kachhadiya** 739

(xi) Regarding proposed amendment in Offshore Areas Mineral (Development & Regulation) Act, 2002

**Shri T. N. Prathapan** 740

(xii) Regarding resumption of a daily direct train between Chennai to Tiruvannamalai

**Shri C. N. Annadurai** 741

(xiii) Regarding Centennial Birth celebration and a commemorative postal stamp for social reformer Shri L. Elayaperumal

**Dr. D. Ravikumar** 742

(xiv) Need to enhance the minimum pension of pensioners under the EPS-95

**Shri Shrirang Appa Barne** 743

(xv) Regarding construction of greenfield four-lane road from Bidupur to Purnia in Bihar

**Shri Dinesh Chandra Yadav** 744

(xvi) Regarding plight of daily wage workers under various departments of Government of Jammu and Kashmir

**Shri Hasnain Masoodi** 745

(xvii) Regarding grant of approval of doubling of AmbalapuzhaThuravur stretch of railway line

**Adv. A. M. Ariff** 746

**UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR BUDGET, 2023-24-GENERAL DISCUSSION**

**AND**

**DEMANDS FOR GRANTS- UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR, 2023-24**

**AND**

**DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS- UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR, 2022–23**

**AND**

**DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS – SECOND BATCH, 2022–23** 747-757

**GOVERNMENT BILLS - INTRODUCED**

**(i) JAMMU AND KASHMIR APPROPRIATION (NO.2) BILL, 2023** 758-760

Motion to Introduce 758

Motion to Consider 759

Shri Pankaj Chaudhary 758-759

| | |
|---|---|
| Clauses 2,3 and 1 | 759 |
| Motion to Pass | 760 |
| **(ii) JAMMU AND KASHMIR APPROPRIATION BILL, 2023** | 761-763 |
| Motion to Introduce | 761 |
| Motion to Consider | 762 |
| Shri Pankaj Chaudhary | 761-762 |
| Clauses 2,3 and 1 | 762 |
| Motion to Pass | 763 |
| **(iii) APPROPRIATION (NO.2) BILL, 2023** | 764-766 |
| Motion to Introduce | 764 |
| Motion to Consider | 765 |
| Shri Pankaj Chaudhary | 764-766 |
| Clauses 2,3 and 1 | 765 |
| Motion to Pass | 766 |
| **ANNOUNCEMENT BY THE SPEAKER** | |
| RE: Cancellation of Sitting of the House | 767 |
| ***ANNEXURE – I** | |
| Member-wise Index to Starred Questions | 745 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 746-752 |
| ***ANNEXURE – II** | |
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 753 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 754 |


* Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Tuesday, March 21, 2023/ Phalguna 30, 1944 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[**HON. SPEAKER** *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 281, श्री रवनीत सिंह।

. . .(Interruptions)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 282, श्री जुगल किशोर शर्मा जी।

… (व्यवधान)

**श्री जुगल किशोर शर्मा:** महोदय,…(व्यवधान)

**11.01 hrs**

*At this stage, Dr. Kalanidhi Veeraswamy, Sushri S. Jothimani and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मैं प्रश्न काल के बाद आपको बोलने का समय दूंगा। आप अपनी सीट्स पर जाकर बैठिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, आप विराजिए और आप लोग भी अपनी सीट्स पर जाइए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट रूकिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कल भी सभी दलों के नेताओं से व्यक्तिगत आग्रह किया था और आज सदन के माध्यम से पुन: आग्रह करना चाहता हूं कि सदन चले, बजट सत्र महत्वपूर्ण सत्र है।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, कल हमें नहीं बोलने दिया।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सबको बोलने का मौका देंगे।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, नहीं देते हैं।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल के बाद स्थगन प्रस्ताव के समय अगर आपको मौका न दें तो आप 'वेल' में आ सकते हैं।

---

… (व्यवधान)

## *WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

(Starred Question Nos. 283 to 300
Unstarred Question Nos. 3221 to 3450)
(Page No. 11 to 708)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं तो सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**11.06 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

---

*Available in Master copy of Debate, placed in Library.

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.*

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। माननीय अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

**14.01 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय सभापति:** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आईटम नंबर-2 – श्री फग्गनसिंह कुलस्ते।

… (व्यवधान)

**इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गनसिंह कुलस्ते):** सभापति महोदय**,** मैं भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय की वर्ष 2023-2024 की निर्गत-परिणामी अनुश्रवण रूपरेखा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

[Placed in Library, See No. LT 9211/17/23]

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल):** सभापति महोदय**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रांची का वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9212/17/23]

… (व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, श्री रामदास अठावले जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9213/17/23]

(3) (एक) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन संबंधी व्याख्यात्मक ज्ञापन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9214/17/23]

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय):** सभापति महोदय**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 141 की उप-धारा (3) के अंतर्गत सीमा सुरक्षा बल, मुख्य विधि अधिकारी, अपर मुख्य विधि अधिकारी और विधि अधिकारी भर्ती तथा सेवा-शर्तें नियम, 2023, जो 11 जनवरी, 2023 की अधिसूचना सं. सा.का.नि. 20(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9215/17/23]

(2) असम राइफल्स अधिनियम, 2006 की धारा 167 के अंतर्गत जारी निम्नलिखित अधिसूचनओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) असम राइफल्स, हवलदार (जनरल ड्यूटी), अराजपत्रित, अननुसचिवीय समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती (संशोधन) नियम, 2022, जो 14 जनवरी, 2023 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.1 में प्रकाशित हुए थे।

(दो) असम राइफल्स वारंट ऑफिसर (साइफर), समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती नियम, 2022, जो 14 जनवरी, 2023 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में

अधिसूचना सं. सा.का.नि.2 में प्रकाशित हुए थे।

(तीन) असम राइफल्स (रिकवरी व्हीकल मैकेनिक), समूह 'ग' कम्बैटाइज्ड पद भर्ती नियम, 2022, जो 14 जनवरी, 2023 के भारत के साप्ताहिक राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.3 में प्रकाशित हुए थे।

[Placed in Library, See No. LT 9216/17/23]

(3) (एक) राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के वर्ष 2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9217/17/23]

(5) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल अधिनियम, 1992 की धारा 156 की उप-धारा (2) के अंतर्गत भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, मोटर ट्रांसपोर्ट और मोटर मैकेनिक काडर समूह 'ख' और समूह 'ग' पद, भर्ती (संशोधन) नियम, 2023, जो 9 फरवरी, 2023 की अधिसूचना सं. सा.का.नि.89(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9218/17/23]

(6) (एक) राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(7) उपर्युक्त (6) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9219/17/23]

… (व्यवधान)

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. वीरेन्द्र कुमार):** सभापति महोदय, कुमारी प्रतिमा भौमिक जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9220/17/23]

(2) (एक) कार्यालय मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) कार्यालय मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन, नई दिल्ली के वर्ष 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9221/17/23]

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, डॉ. एल. मुरुगन जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नेशनल फिल्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन, मुंबई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) नेशनल फिल्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन, मुंबई का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9222/17/23]

(3) (एक) सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9223/17/23]

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निशीथ प्रामाणिक):** सभापति महोदय**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) (एक) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[Placed in Library, See No. LT 9224/17/23]

**माननीय सभापति:** आइटम नम्बर 8ए – श्री पंकज चौधरी जी।

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी):** सभापति महोदय, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी की ओर से, मैं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 38 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ।

(1) अधिसूचना सं. 13/2023 केन्द्रीय उत्पाद शुल्क जो 20 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा पेट्रोलियम क्रूड के उत्पादन पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क को कम करने के आशय वाली दिनांक 19 जुलाई, 2022 की अधिसूचना सं. 18/2022-केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(2) अधिसूचना सं. 14/2023 - केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क जो 20 मार्च, 2023 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को बढ़ाने के आशय वाली दिनांक 30 जून, 2022 की अधिसूचना सं. 04/2022 - केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क में कतिपय संशोधन किए गए हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[Placed in Library, See No. LT 9224(A)/17/23]

---

**14.02 hrs**

## COMMITTEE ON ESTIMATES

23rd to 25th Reports

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):** सभापति महोदय, मैं प्राक्कलन समिति (2022-23 ) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूँ:-

(1) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संबंधित 'एमपीएलएडी निधि योजना के अंतर्गत निधियों के आबंटन और उपयोग की समीक्षा' विषय के बारे में समिति के 14वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 23वां प्रतिवेदन।

(2) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित 'सभी एम्स की प्रगति की समीक्षा' विषय के बारे में समिति के 12वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 24वां प्रतिवेदन।

(3) गृह मंत्रालय से संबंधित 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की समीक्षा' विषय के बारे में समिति के 13वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 25वां प्रतिवेदन।

---

**14.03 hrs**

## COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES

Statements

**श्री राजेश वर्मा (सीतापुर):** सभापति महोदय, मैं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के अंतिम की- गई-कार्रवाई संबंधी निम्नलिखित विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूँ:-

(1) 'अन्य पिछड़े वर्गों के लिए चिकित्सा संस्थाओं में कार्यान्वित की जा रही आरक्षण नीति की समीक्षा' के बारे में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के तीसरे प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के तेरहवें प्रतिवेदन (सोलहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(2) 'नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के पांचवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के ग्यारहवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

(3) 'राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (आरसीएफ) में रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के चौथे प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के तेरहवें प्रतिवेदन

(सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई अंतिम कार्रवाई को दर्शाने वाला विवरण।

---

**14.04 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY

43rd to 46th Reports

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सभापति महोदय, मैं संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2022- 23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूँ:-

(1) संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 43वां प्रतिवेदन।

(2) संचार मंत्रालय (डाक विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 44वां प्रतिवेदन।

(3) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 45वां प्रतिवेदन।

(4) सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 46वां प्रतिवेदन।

---

**14.05 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON DEFENCE

$32^{nd}$ to $38^{th}$ Reports

**डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा):** महोदय, मैं रक्षा संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :-

(1) 'थल सेना, नौ सेना, वायु सेना, संयुक्त स्टाफ, मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और सैनिक स्कूलों (मांग सं. 20 और 21)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2022-23 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 27वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति का 32वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(2) 'रक्षा सेवाओं, खरीद नीति, रक्षा आयोजना और विवाहित आवास परियोजना संबंधी पूंजीगत परिव्यय (मांग सं. 21)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2022-23 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 28वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति का 33वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(3) 'आयुध निदेशालय (समन्वय और सेवाएं) – नए डीपीएसयू, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीक्यूए) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) (मांग सं. 20)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2022-23 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 29वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई

संबंधी समिति का 34वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(4) 'सामान्य रक्षा बजट, सीमा सड़क संगठन, भारतीय तटरक्षक, रक्षा सम्पदा संगठन, सरकारी क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों, भूतपूर्व सैनिक कल्याण और रक्षा पेंशन (मांग सं. 19 और 22)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की अनुदानों की मांगों' के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 35वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(5) 'थल सेना, नौ सेना, वायु सेना, संयुक्त स्टाफ, भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और सैनिक स्कूलों (मांग सं. 20 और 21)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 36वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(6) 'रक्षा सेवाओं, खरीद नीति और रक्षा आयोजना संबंधी पूंजीगत परिव्यय (मांग सं. 21)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 37वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(7) 'आयुध निदेशालय (समन्वय और सेवाएं) – नए डीपीएसयू, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर (मांग सं. 20 और 21)' के बारे में रक्षा मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति का 38वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

---

**14.05¼ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON ENERGY
## 33rd to 35th Reports

**SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Energy (2022-23):-

1. Thirty-third Report on 'Action-Taken by the Government on Observations/Recommendations contained in the Twenty-fourth Report (Seventeenth Lok Sabha) of the Committee on Demands for Grants (2022-23) of the Ministry of New and Renewable Energy'.
2. Thirty-fourth Report on 'Demands for Grants (2023-24) of the Ministry of New and Renewable Energy'.
3. Thirty-fifth Report on 'Demands for Grants (2023-24) of the Ministry of Power'.

---

**14.05½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS
## 20th Report

**SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI):** Sir, I beg to present the Twentieth Report (Hindi and English versions) of the Committee on External Affairs (Seventeenth Lok Sabha) on 'Demands for Grants for the year 2023-24'.

---

**14.05¾ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION
## 24th and 25th Reports

**SHRIMATI LOCKET CHATTERJEE (HOOGHLY):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Consumer Affairs, Food and Public Distribution (2022-2023):-

(1) Twenty-fourth Report on Demands for Grants (2023-24) of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution (Department of Food and Public Distribution).

(2) Twenty-fifth Report on Demands for Grants (2023-24) of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution (Department of Consumer Affairs).

---

**14.06 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON HOUSING AND URBAN AFFAIRS

Statement

**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर):** महोदय, मैं आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की 'अनुदानों की मांगों (2022-23)' के बारे में आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति के 12वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति के 15वें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय–एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी की-गई-कार्रवाई विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**14.06¼ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS

(i) 39th to 42nd Reports

**श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर):** महोदय, मैं रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'सतत फसल उत्पादन और मृदा उर्वरता बनाये रखने के लिए नैनो-उर्वरक' विषय संबंधी 39वां प्रतिवेदन।

(2) उर्वरक विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 40वां प्रतिवेदन।

(3) रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 41वां प्रतिवेदन।

(4) औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2023-24)' संबंधी 42वां प्रतिवेदन।

**(ii) Final Action Taken Statements**

**SHRI UDAY PRATAP SINGH (HOSHANGABAD):** Sir, I beg to lay on the Table the following Final Action Taken Statements (Hindi and English versions) showing Final Action Taken by the Government on the Recommendations contained in the following Action Taken Reports of the Standing Committee on Chemicals & Fertilizers (2021-22):-

(1) Thirty-fifth Action Taken Report (Seventeenth Lok Sabha) on the Recommendations of the Committee contained in their Thirty-first Report (Seventeenth Lok Sabha) on 'Availability of medicines and medical devices for COVID Management' relating to the Department of Pharmaceuticals.

(2) Thirty-sixth Action Taken Report (Seventeenth Lok Sabha) on the Recommendations of the Committee contained in their Thirty-second Report (Seventeenth Lok Sabha) on 'Demands for Grants (2022-23)' of the Department of Fertilizers.

(3) Thirty-seventh Action Taken Report (Seventeenth Lok Sabha) on the Recommendations of the Committee contained in their Thirty-third Report (Seventeenth Lok Sabha) on 'Demands for 10 Grants (2022-23)' of the Department of Chemicals and Petrochemicals.

(4) Thirty-eighth Action Taken Report (Seventeenth Lok Sabha) on the Recommendations of the Committee contained in their Thirty-fourth Report (Seventeenth Lok Sabha) on 'Demands for Grants (2022-23)' of the Department of Pharmaceuticals.

---

**14.06¾ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON COAL, MINES AND STEEL

38th and 40th Reports

**श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़):** महोदय, मैं कोयला, खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) कोयला मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) संबंधी 38वां प्रतिवेदन।

(2) खान मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) संबंधी 39वां प्रतिवेदन।

(3) इस्पात मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-24) संबंधी 40वां प्रतिवेदन।

---

**14.07 hrs**

## STATEMENT BY MINISTER

**Status of implementation of the recommendations contained in the 313th Report of the Standing Committee on Industry on Downturn in Automobile Sector - Its Impact and Measures for Revival pertaining to the Ministry of Heavy Industries***

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण पाल):** सभापति महोदय, मैं भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'वाहन क्षेत्र में मंदी – इसके प्रभाव और पुनरूद्धार के लिए उपाय' के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 313वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सदन के पटल पर रखता हूं। …(व्यवधान)

---

**14.08 hrs**

*At this stage Dr. Mohammad Jawed, Kumari Ramya Haridas, Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian and some other hon.Members came and stood on the floor near the Table.*

…(व्यवधान)

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See Nos. LT 9211/17/23.

**14.09 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय सभापति :** जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने विषयों के अनुमोदित पाठों को 20 मिनट के अंदर विस्तृत रूप से सभा पटल पर रख दें।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कृपया आप सभी बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

* Treated as laid on the Table.

## (i) Need to run a train from Gorakhpur to Prayagraj via Bhatni, Salempur and Varanasi

**श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर):** गोरखपुर-भटनी-सलेमपुर - वाराणसी होते हुये प्रयागराज तक जाने वाला रेल खण्ड अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिस पर लाखो यात्री यात्रा करतें हैं। गोरखपुर-वाराणसी व प्रयागराज व्यापारिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से सुविख्यात हैं। लाखों लोग गोरखपुर में गोरखनाथ मन्दिर, मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्री राम के पुत्र कुश की नगरी कुशीनगर में भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली में पुजा अर्चना करने आते हैं। इसी प्रकार महान संत कबीर दास जी की नगरी संत कबीर नगर एंव देवरिया में देवरहवा बाबा की तपो भूमि का भ्रमण, दर्शन एवं पूजन करने आते हैं। गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, बलिया, संतकबीर नगर, तथा बिहार प्रान्त के गोपालगंज व सिवान के लाखों लोग रोजाना वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर एंव भगवान बुद्ध की तीर्थ स्थली सारनाथ में पूजन करने जाते हैं। इसी प्रकार गंगा यमुना सस्वती तीनों नदियों का संगम व तीर्थ नगरी प्रयागराज में स्नान करने आते हैं।

व्यापार की दृष्टि से भी इन जिलों के लोग अपने कृषि उत्पाद जैसे पान, फल, फूल आदि को बड़े बाज़ार में बेचने तथा अन्य व्यापारिक कारणों से हजारों लोग इस रेल खण्ड पर प्रतिदिन यात्रा करते हैं। इस रेल खण्ड पर कोई महत्वपूर्ण रेल गाड़ी न होने के कारण लाखों यात्रियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि गोरखपुर-भटनी- सलेमपुर वाराणसी होते हुये प्रयागराज तक शताब्दी रेल गाड़ी या कोई अन्य सुपर फास्ट कुर्सीयान रेल गाड़ी का संचालन किया जाये जिससे इस क्षेत्र में व्यापार व धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

## (ii) Need to expedite construction of International Airport at Bihta in Patna, Bihar

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र):** मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र अंतर्गत पटना ज़िला के बिहटा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा काफी दिन पूर्व दी गयी है। बिहार सरकार ने जमीन का अधिग्रहण कर एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया को दे दिया है। अधिगृहित जमीन की बाउंडरी भी हो चुकी है। लेकिन अभी तक निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

केन्द्र सरकार से स्वीकृत बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास से एनएच 30 पटना-बक्सर सड़क गुजर रही है। उस पथ पर बिहटा से दानापुर तक एलिवेटेड सड़क का निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बिहटा- सरमेरा पथ जो 6 लेन पटना रिंग रोड का हिस्सा भी है, उसका निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। बिहटा में IIIT, नाइलेट, ESIC मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, प्राइवेट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, NIT, फुटवेयर डिजाइनिंग इंस्टिट्यूट, ड्राई पोर्ट एवं कई आद्योगिक पार्क सहित कई अन्य सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थान कार्यरत है या निर्माणाधीन है। राजधानी पटना का तेजी से विस्तार दानापुर से बिहटा एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में हो रहा है।

उसके अलावा एन एच 30 पटना बक्सर, बिहटा सरमेरा, रामनगर कन्हौली 6 लेन सड़क, शेरपुर में प्रस्तावित गंगा नदी पर पुल के निर्माण से बिहटा एयरपोर्ट से आरा, बक्सर, सारण, सिवान, गोपालगंज, अरवल, जहानाबाद, औरंगाबाद, रोहतास, नालंदा सहित अन्य जिलों को एयरपोर्ट की सरल, सुगम और तेज संपर्क स्थापित होगा। उपरोक्त वर्णित बातों से स्वतः स्पष्ट है कि एक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की सभी वांछित अहर्ताएं बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पूरा कर रहा है, फिर भी निर्माण कार्य शुरू होने में विलंब समझ से परे है। अतः माननीय मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने हेतु द्रुत कार्रवाई की जाए।

## (iii) Need to establish a regional Centres of the Sangeet Natak Akademi, Indian Council for Cultural Relations and Rashtriya Natya Vidyalaya in Jharkhand

**श्री संजय सेठ (राँची)**: झारखंड सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश है। विविध संस्कृति के बावजूद यहां की एकता बेमिसाल है। राज्य में 32 जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। इन सबकी अलग-अलग सांस्कृतिक विशेषताए हैं। अलग रहन सहन है। झारखंड नृत्य, संगीत और वाद्य की समृद्ध विरासत वाला प्रदेश है, इसलिए यहां कहा जाता है नाची से बाची। इसके अलावा लोक चित्रकला, कोहबर, सोहराई, जादूपटा आदि की विश्वभर में लोकप्रिय बनने की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड में ऐसी कई कलाएं हैं, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। झारखंड प्रदेश के कई कलाकार अपनी कला के माध्यम से देशभर में पहचान बना चुके हैं और ऐसे कई कलाकार हैं जो परफॉर्मिंग आर्ट्स के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, थिएटर में नैसर्गिक रूप से प्रतिभावान है। संसाधनों की कमी के कारण ये कलाएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तान्तरित नहीं हो पा रही हैं। ऐसी कला और कलाकारों को तत्काल संरक्षण और संवर्धन की जरूरत है।

इसलिए सरकार से मेरा अनुरोध है कि झारखंड में संगीत नाटक अकादमी, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR)तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र खोला जाए, ताकि हमारी समृद्ध संस्कृति और कला सुरक्षित रह सके।

## (iv) Need to construct ROBs in Darbhanga district, Bihar from CRIF under Setu Bandhan Programme

**श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा):** दरभंगा शहर उत्तर बिहार का प्रमुख शहर और मिथिला की हृदयस्थली को जाम से मुक्ति हेतु आदरणीय केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने सेतु बंधन योजना अन्तर्गत (सीआरआईएफ) फंड से यथाशीघ्र आरओबी निर्माण करने की घोषणा की थी।

आदरणीय मंत्री जी से निवेदन है कि दरभंगा शहर में प्रतिदिन लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। आदरणीय माननीय मंत्री महोदय से निवेदन कि जनहित में दरभंगा शहर में सेतु बंधन योजना अन्तर्गत सीआरआईएफ (सेन्ट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड) से पांच आरओबी का निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ हो इस हेतु संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश प्रदान किया जाय ताकि जनता जनार्दन की चिरलंबित आकांक्षा को पूर्ण किया जा सके।

## (v) Need to provide a halt station near Pateri village in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा,बिहार अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में एक महत्वपूर्ण रेलखंड "महाराजगंज-मशरक" है। इस रेल खंड पर एक पटेढ़ी ग्राम है जो बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया बाबू जो बिहार के बहुत ही प्रसिद्ध और आदर्शवादी नेता थे, इसी ग्राम के थे। इतने प्रसिद्ध ग्राम और इसके आस-पास के दर्जनों ग्रामों की जनता को रेल मार्ग से यात्रा करने के लिए नजदीक में एक रेलवे स्टेशन की अतिआवश्यकता है ताकि इस क्षेत्र के लोग कम खर्च में रेल मार्ग से सुगमता पूर्वक यात्रा कर सके। अत : रेल मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के उपर्युक्त रेलखंड पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया बाबू के नाम पर पटेढ़ी ग्राम के पास,एक रेलवे हाल्ट स्टेशन बनाया जाये ताकि इस पूरे क्षेत्र की जनता को रेल यातायात की सुविधा मिले।

## (vi) Need to upgrade Prayagraj Airport as International Airport and start flight services from Prayagraj to various cities in India

**श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर):** मैं सरकार का ध्यान जनपद प्रयागराज उ०प्र० की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ जो उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है और इस जनपद प्रयागराज में एअरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारम्भ 16 दिसम्बर 2018 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा हुआ था। वर्तमान समय में प्रयागराज एअरपोर्ट से लगभग 16 फ्लाइट आवागमन कर रही हैं, इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। मेरा सरकार से निम्नलिखित कार्य करने के लिये विनम्र निवेदन है**:-**

प्रयागराज एअरपोर्ट पूरे भारत में उत्तर प्रदेश का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा एअरपोर्ट है चूँकि उत्तर प्रदेश एक आबादी बाहुल्य राज्य है। इस लिहाज़ से भी प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एअरपोर्ट बनाने की आवश्यकता है क्योंकि इसका आकार बढेगा तो यहॉ रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे, यहां पर पहले से ही मिडिल ईस्ट के लोग कार्य करते हैं और पूर्वांचल से सटे हुए जिले भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। प्रयागराज में आने वाले कुम्भ जो कि 2025 में होना है जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होगा उसको भी दृष्टिगत रखते हुए प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय आकार देने की जरूरत है। प्रयागराज एअरपोर्ट से दिल्ली और दिल्ली से प्रयागराज विमान यात्रा के लिये सुबह 7-9 बजे एवं शाम को 7-9 बजे के आसपास विमान सेवा शुरू की जाने की विशेष आवश्यकता है। आने वाले महाकुम्भ को ध्यान में रखते हुए यंहा यह भी मेरे द्वारा मांग की जाती है क्योंकि महाकुम्भ में लोगों की विशेष आस्था है तो इसमें शामिल होने के लिये लोग सम्पूर्ण भारत के अलग अलग राज्यों से आयेंगे और उन्हें यात्रा करने में किसी भी प्रकार की बाधा ना आये इसके लिये इन रुटस जैसे प्रयागराज-कोलकाता-प्रयागराज, प्रयागराज-नागपुर-हैदराबाद-नागपुर-प्रयागराज, प्रयागराज-आगरा –जयपुर-आगरा और प्रयागराज-पटना- प्रयागराज पर भी विमान यात्रा शुरू की जाए। प्रयागराज एअरपोर्ट पर लेंडिंग की पर्याप्त सुविधाएं हैं लेकिन अभी तक रात में विमानों का आवागमन शुरू नहीं किया गया है क्योंकि सेना की तरफ से अनुमति नहीं

मिल रही है। मेरा माननीय नगरिक उड्डयन मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा ऊपर उल्लिखित सभी कार्यों को सम्बंधित अधिकारी से पूर्ण करवाने का कष्ट करें।

**(vii) Need to extend Intercity Express between Lucknow and Varanasi upto Bhatni Railway Junction in Deoria district, Uttar Pradesh**

**डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया):** मैं अपने लोक सभा क्षेत्र देवरिया के सम्बंध में ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ कि देवरिया जनपद उत्तर प्रदेश का पूर्वी सीमा का अंतिम जिला है और हमारे क्षेत्र में ही भटनी रेलवे जंक्शन है जहाँ से ट्रेनें सीधे बाहर की तरफ जाती है और डाइर्वट होकर बलिया, मऊ होते हुए वाराणसी तक जाती है। गोरखपुर से एक इंटरसिटी ट्रेन लखनऊ जाती है और वापस आती है और गोरखपुर से लगा जिला देवरिया उससे वंचित रह जाता है। इस ट्रेन को भटनी जंक्शन तक चलाया जाए, और उसके लिए आवश्यक है कि भटनी में एक वाशिंग किट की स्थापना की जाए, जिससे कि उक्त जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों का ठहराव हो सकें। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह करता हूँ कि उक्त समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

## (viii) Need to provide employment to local people and women in commercial establishments along newly developed Delhi-Mumbai Express highway in Dausa Parliamentary Constituency

**श्रीमती जसकौर मीना (दौसा):** मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे का प्रथम भाग पूर्ण हुआ। यह कार्य माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का प्रयास है। इस हाइवे के साथ विश्राम क्षेत्र विकसित किए हैं। इन क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होनी है। अतः मेरा अनुरोध है कि स्थानीय नागरिकों को रोजगार देने हेतु विभिन्न कार्यों में जैसे व्यवसायिक दुकान, टोल सर्विस के कार्य, सफाई व्यवस्था, खानपान सुविधा क्षेत्र जैसे अनेक रोजगार सृजित कर स्थानीय बेरोजगारों को अवसर दिया जाए। जिन किसानों की भूमि सड़क निर्माण में गई है उन्हें रोजगार दिया जाए । प्रत्येक विश्राम क्षेत्र में महिला संघ सहायता समूह को एक स्थान निर्धारित कर उनके उत्पाद को बेचने का मौका दिया जाए। बजट घोषणा में स्वयं सहायता समूह को सक्षम करने की पहल का आदर होगा। दौसा जिले में जनजाति के लोग पलायन से भी बच सकेंगे। टोल प्रबंधन में एक स्थान पर पूर्ण रूप से महिलाओं को यह जिम्मेदारी दी जाए।

## (ix) Need for doubling of Lucknow-Sitapur Railway Section

**श्री राजेश वर्मा (सीतापुर):** मैं सरकार का ध्यान NER रेलवे अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर रेलखंड की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूँ। NER रेलवे अंतर्गत लखनऊ-सीतापुर रेलमार्ग के दोहरीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। सरकार के संज्ञान में यह भी लाना है कि बुड़वल- सीतापुर, शाहजहाँपुर-बरेली रेलखंड पर रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। सीतापुर-लखनऊ रेलमार्ग का दोहरीकरण करने से एक नया रूट रेलवे के लिए खुलेगा। जिस पर बहुत सारी सवारी गाड़ियों का आवागमन बढ़ाया जा सकता है। अतः मैं रेल मंत्री जी से माँग करता हूँ कि लखनऊ-सीतापुर रेलमार्ग के दोहरीकरण कराने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

## (x) Need to simplify software system of MGNREGS

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):** मेरा विषय मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिले में मनरेगा योजना के अन्तर्गत आवेदन करने में होने वाली परेशानियों के संबंध में है। जैसा कि हम जानते हैं कि MNREGA जो एक रोजगार गारंटी योजना है और इसके सॉफ्टवेर में सिस्टम अपडेट के कारण लेबर और स्किल मस्टर डिस्प्ले नहीं हो पाता है जिससे अमरेली के महुवा तालुके के डुडास, जांबुड़ा, कोंजली और कालेला गाँव में मानव दिन का पेमेंट नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 के स्किल और मटीरियल्स के काम में वेज लिस्ट तक एंट्री की गई है लेकिन First Sign में इस एंट्री के डिस्प्ले न होने के कारण इन व्यक्तिगत कार्यों का पेमेंट नहीं हो पाता है। सिस्टम अपडेट होने से अमरेली जिले के खांभा और राजुला तालुके में स्किल मस्टर रोल फिल और डिस्प्ले भी नहीं हो पाता है। नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम में हाजरी से E- मस्टर रोल फिल करते समय edit का ऑप्शन डिस्प्ले नहीं होता और पेमेंट करने मे भी समस्या आती है जिसके कारण मजदूरों को समय पर पैसा नहीं मिल पाता है।

अतः मै माननीय मंत्री जी से विनती करता हूँ कि इस सॉफ्टवेर की प्रक्रिया को सरल बनाने की कृपा करें।

## (xi) Regarding proposed amendment in Offshore Areas Mineral (Development and Regulation) Act, 2002

